# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 317 | बिजौलिया - गुरुवार, 28 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## राहुल गांधी को सबसे ज्यादा ट्रेनिंग की जरूरत : मदन राठौड़

### पेट्रोल-डीजल, घुसपैठ और विदेश नीति पर कांग्रेस को घेरा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया विपक्ष के लिए सबक

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।

राजस्थान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर को लेकर बड़ा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं से ज्यादा प्रशिक्षण की जरूरत राहुल गांधी को है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी कभी भी कुछ भी बोल देते हैं और यह उनकी पुरानी आदत है।

बीजेपी मुख्यालय पहुंचे मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर एक के बाद एक कई मुद्दों पर निशाना साधा। खास बात यह रही कि वे इस दौरान ईवी कार से मुख्यालय पहुंचे, जिसे लेकर भी चर्चा रही।

#### पेट्रोल-डीजल पर गहलोत को घेरा

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सवालों का जवाब देते हुए राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार के समय प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर 36 प्रतिशत तक वैट लगाया गया था। बीजेपी सरकार ने वैट कम कर जनता को राहत देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत को यह सच्चाई अच्छी तरह पता है, लेकिन राजनीति के कारण वे जनता को पूरी बात नहीं बता रहे।

#### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विपक्ष को घेरा

एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर भी बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी शुरू से कह रही थी कि एसआईआर का फैसला पूरी कानूनी प्रक्रिया और सोच-समझकर लिया गया है।

राठौड़ ने कहा कि जो लोग लगातार इसकी आलोचना कर रहे थे, सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके लिए बड़ा



सबक है।

#### 'घुसपैठियों को वोट बैंक बनाया गया'

मदन राठौड़ ने आरोप लगाया कि कई बांग्लादेशी घुसपैठिए देश में आकर बस गए और मतदाता सूची तक में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दलों ने उन्हें संरक्षण देकर अपना वोट बैंक तैयार करने की कोशिश की।

उन्होंने दो टूक कहा कि देश की सत्ता का फैसला केवल भारत के नागरिकों को ही करने का अधिकार है।

#### विदेश नीति पर मोदी सरकार की तारीफ

विदेश नीति को लेकर कांग्रेस के सवालों पर जवाब देते हुए राठौड़ ने कहा कि हर देश की विदेश नीति समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है, लेकिन भारत की नीति में राष्ट्रहित हमेशा सर्वोपरि रहता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई है और आज दुनिया के बड़े-बड़े देश भारत की बात गंभीरता से सुनते हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना के साथ दुनिया को शांति और सहयोग का संदेश दे रहे हैं।

## डीएसटी भीलवाड़ा की बड़ी कार्रवाई: 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### हत्या के प्रयास मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था आरोपी, अपहरण प्रकरण में भी था वांछित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी काना उर्फ कहैन्या लाल गुर्जर पुलिस थाना करेडा सर्किल के हत्या के प्रयास प्रकरण में वांछित था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिसके चलते पुलिस को उसकी तलाश में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी।

डीएसटी भीलवाड़ा ने तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे दबोच लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

जांच में सामने आया कि आरोपी पुलिस थाना बागौर क्षेत्र में दर्ज अपहरण के एक मामले में भी फरार चल रहा था। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी को पुलिस के लिए अहम सफलता माना जा रहा है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। कार्रवाई के बाद पुलिस अधिकारियों ने डीएसटी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बस स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के दो पक्ष भिड़े, बीच सड़क जमकर चले लात-घूंसे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

कस्बे के बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सवारी बैठाने और उतारने को लेकर तिपहिया ऑटो चालकों के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई और बस स्टैंड परिसर में जमकर लात-घूंसे चले। घटना के दौरान यात्रियों और राहगीरों में भय का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर पहले दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान पहले से बैठी सवारी को उतारने के दौरान एक महिला के साथ कथित अभद्र व्यवहार होने पर मामला और भड़क गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े और बस





स्टैंड रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।

मारपीट की घटना से मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। कई यात्रियों ने खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागकर शरण ली। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर हालात शांत करवाने का प्रयास किया।

सूचना मिलने पर मांडल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

जानकारी के अनुसार मांडल बस स्टैंड पर बिना परमिट संचालित तिपहिया ऑटो को लेकर लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है। पुलिस द्वारा पूर्व में भी अवैध रूप से संचालित कई वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध संचालन पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड पर सवारी व्यवस्था और तिपहिया वाहनों के संचालन को लेकर प्रशासन ने जल्द स्थायी समाधान नहीं किया तो भविष्य में इससे भी बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## खस्ताहाल सड़क बनी हादसों की वजह, ट्रक खाई में गिरा, केबिन में लगी आग

### सीता कुंड के पास हुआ हादसा,चालक और खलासी ने कूदकर बचाई जान




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

बिजोलिया-शक्करगढ़ मार्ग पर मंगलवार रात सीता कुंड के नजदीक एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। हादसे के बाद ट्रक की केबिन में आग लग गई। हालांकि चालक और खलासी ने समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार लंबे समय से खस्ताहाल और गड्ढों से भरी इस सड़क पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन इस मार्ग पर हादसे हो रहे हैं और कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं, लेकिन सड़क निर्माण नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार रात ट्रक गड्ढों के कारण असंतुलित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरा, जिससे उसकी केबिन में आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीण शांतिलाल ने बताया कि सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर



कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। सड़क का नया निर्माण करवाने, दोनों तरफ मरम्मत कराने तथा हादसों पर रोक लगाने की मांग भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां वाहन चलाना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण करवाकर राहत दिलाने की मांग की है।

## बम की सूचना से मचा हड़कंप, बैंक, स्कूलों और मंदिरों में पुलिस ने चलाया विशेष सर्च ऑपरेशन





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुनित चपलोत

शहर में बैंकों, बड़े मंदिरों और स्कूलों में बम होने की सूचना मिलने के बाद भीलवाड़ा पुलिस हाई अलर्ट मोड पर आ गई है। सूचना के बाद पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। संवेदनशील स्थानों पर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है, जिससे आमजन में भी हलचल का माहौल बना हुआ है।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो शहर के प्रमुख बैंक, बड़े मंदिरों और स्कूल परिसरों में जांच अभियान चला रही हैं। पुलिस मेटल डिटेक्टर की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं की गहन जांच कर रही है, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की जा रही है।

गांधीनगर थाने के एएसआई सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सीओ सिटी के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिली थी कि बैंक, बड़े मंदिरों और स्कूलों में विस्फोटक सामग्री हो सकती है। इसके बाद सभी टीमों को तत्काल अलर्ट कर संवेदनशील स्थानों पर जांच के निर्देश दिए गए।

उनेंने बताया कि पुलिस की दो से तीन टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन कर रही हैं। किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

# श्मशान भूमि पर अवैध खनन का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** नयानगर गांव में श्मशान भूमि पर अवैध खनन किए जाने के आरोप को लेकर बुधवार को आदिवासी भील समाज के ग्रामीणों ने तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि श्मशान भूमि पर पत्थर की दीवार हटाकर अवैध खुदाई की जा रही है, जिससे भूमि को नुकसान पहुंच रहा है और समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि नयानगर में श्मशान भूमि के नाम दर्ज भूमि पर भील समाज द्वारा वर्षों से अंतिम संस्कार के लिए किया जाता है। जहाँ नयानगर निवासी एक व्यवसायी द्वारा अवैध खनन एवं खुदाई कर पत्थरों के जोटे डाले जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर अवैध खनन तत्काल बंद कराने तथा दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही मौके का निरीक्षण करवाने की भी मांग उठाई है।

इस दौरान सूरजमल, शंकर, मांगीलाल, गोपाल, चुन्नीलाल, मोड़ा, कैलाश, सुमित्रा, भंवरी, कमला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुज़ुर्ग के भूखंड पर कब्जे और मारपीट का आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## जेसीबी से तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित संजय कॉलोनी में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और कथित रूप से भूखंड पर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित 66 वर्षीय रणजीत सिंह भाटी ने जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार उन्होंने वर्ष 1989 में आराजी संख्या 730 में स्थित 25म50 फीट का भूखंड खरीदा था, जिस पर बाद में निर्माण भी कराया गया। आरोप है कि 1 मई 2026 को कुछ लोग जेसीबी मशीन और अन्य वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे तथा कथित रूप से भूखंड में घुसकर निर्माण को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से सहायता मांगी गई, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूखंड पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

रणजीत सिंह भाटी ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें और उनके परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे परिवार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। प्रार्थी ने जिला पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने, अवैध कब्जा हटाने तथा उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सवाईपुर में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा शुक्रवार से

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में ब्राह्मणों के चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण के पास तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव का आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा । आयोजक श्याम सुंदर श्रोत्रिय ने बताया कि श्री चारभुजा नाथ की असीम अनुकम्पा से तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार 29 मई प्रातः सुबह 8 बजे हनुमान मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगी । इसके बाद प्रातः 9:15 बजे से दोपहर 1: 15 बजे तक प्रतिदिन नानी बाई का मायरा का कथावाचक दुर्गेश चतुर्वेदी रामपुरिया बेंगू वाले के मुखारविंद से मायरा का वाचन होगा ।

वही रविवार 31 मई को नानी बाई का मायरा संपन्न होगा ।।

# चांद जी की खेड़ी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## तालुका विधिक सेवा समिति ने ग्रामीणों को बताए नशे के दुष्प्रभाव




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी में बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में एक्शन प्लान के तहत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पीएलवी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया गया।

इस दौरान पीएलवी राम बाबू माथुर, सुनीता नायक, भूली रैगर, कैलाशी बैरागी, मंजू बैरागी, लाड बैरागी, प्रेम धाकड़, भवानी देव भट्ट, प्रीति धाकड़, शंभू रैगर, दिनेश सेन, हुक्मचंद, सीमा धाकड़, मंभर, मंजू, मीनाक्षी, संपति धाकड़, सत्यनारायण धाकड़, बच्चन सिंह, मनोज जाटव, बबलू मेघवंशी, विजेंद्र, नंदलाल, मथुरालाल मीणा, महेंद्र जाटव, मोहन बंजारा, कमलेश बंजारा, सीता सिंगलीगर, अमरावती यादव, नीतू मीणा, राजू मीणा सहित करीब सदस्य मौजूद रहे।

# तिलस्वा घाट फिर बना मौत का मोड़: पिकअप खाई में गिरी, 3 मजदूरों की मौत

## दो दिन में दूसरा बड़ा हादसा, तीन गंभीर घायल; चालक फरार, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

नीमच जिले के सिंगोली क्षेत्र स्थित तिलस्वा घाट एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बना। मंगलवार रात करीब 10 बजे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हो रहे हादसों ने घाट की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस के अनुसार पिकअप वाहन (RJ14-GN-6549) राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहा था। वाहन में पेंट की बाल्टियां भरी हुई थीं और मजदूर उन्हीं बाल्टियों के ऊपर बैठे थे।

तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर वाहन चालक संतुलन खो बैठा और पिकअप सीधे खाई में जा गिरी। हादसे के दौरान बाल्टियों में भरा रंग मजदूरों के शवों पर फैल गया, जिससे घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह हो गया।

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। मृतक मजदूर उत्तर प्रदेश के बरेली, गाजीपुर तथा राजस्थान के जयपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। ये सभी मजदूर आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे।

मृतको में उदयपाल, पिंटू राम , अवध सिंह शामिल है , वही घायलों में मोहम्मद जाकिर (40), इदरीस और सोमपाल को प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर हालत में कोटा रेफर किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकाला गया और सिंगोली अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि रविवार को भी इसी तिलस्वा घाट पर शिव शक्ति ट्रेवल्स की बस पलटने से करीब 30 यात्री घायल हुए थे। लगातार सामने आ रहे हादसों के बाद स्थानीय नागरिकों ने घाट पर क्रैश बैरियर लगाने, चेतावनी बोर्ड स्थापित करने और गति सीमा तय करने की मांग तेज कर दी है।

# रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन, 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य

## जिला अभिभाषक संस्था ने आमजन से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की




**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आगामी 1 जून को आयोजित होने वाले विराट रक्तदान शिविर के पोस्टर का बुधवार को जिला अभिभाषक संस्था कार्यालय में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील करते हुए इसे मानवता का सबसे बड़ा दान बताया।

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भीलवाड़ा ब्लड सेंटर के महेंद्र सैनी एवं त्रिलोक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 1 जून को दाधीच भवन, प्राइवेट बस स्टैंड भीलवाड़ा में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक विराट रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्यसिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित कार्यकारिणी सदस्यों एवं अधिवक्ताओं ने पोस्टर का विमोचन किया।

अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है और इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहयोग देने की अपील की।

# हमीरगढ़ जनसुनवाई में विकास और समाधान के बड़े फैसले

## सामुदायिक भवन, उप जिला अस्पताल, जल संरक्षण और दिव्यांग सहायता पर प्रशासन ने दिए निर्देश




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

हमीरगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में क्षेत्रीय विधायक लादूलाल पितलिया एवं जिला कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया।

जनसुनवाई के दौरान लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी शिक्षा विभाग की भूमि को ग्रामवासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु उपयोग में लेने का निर्णय किया गया। इससे क्षेत्र में सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उप जिला अस्पताल के प्रस्तावित स्थान को लेकर भी ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने बताया कि गंगरार सीमा के निकट प्रस्तावित अस्पताल हमीरगढ़ से काफी दूर है, जिससे आमजन को सुविधा नहीं मिल पाएगी। इस पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को हमीरगढ़ के निकट उपलब्ध सरकारी भूमि का परीक्षण कर नियमानुसार अस्पताल निर्माण की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

विधायक लादूलाल पितलिया ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन और उप जिला अस्पताल जैसे फैसले सीधे आमजन के हित से जुड़े हुए हैं।

जनसुनवाई में पूर्व उपप्रधान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भोपाल सिंह पुरावत ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि देवली पंचायत में पिछले सवा दो वर्षों में करीब 26 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं तथा कई कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने क्षेत्र की 800 वर्ष पुरानी बावड़ी, धर्म नाड़ी, अन्य जल स्रोतों तथा वर्ष 1996 में बने एनीकट की मरम्मत की मांग उठाई, जिस पर जिला कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके अलावा जर्जर हो चुके राजोला मिडिल स्कूल सहित अन्य विद्यालय भवनों के लिए डीएमएफटी योजना के तहत नए कमरों की स्वीकृति पर भी सहमति बनी।

जनसुनवाई में मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा एक मामला भी सामने आया, जिसमें करंट हादसे में दोनों हाथ गंवा चुके आर्थिक रूप से कमजोर सत्तू सोहन प्रजापत को इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए।


श्मशान भूमि पर अतिक्रमण का मामला भी प्रमुखता से उठा, जिस पर प्रशासन ने तहसीलदार को तत्काल अतिक्रमण हटाकर भूमि पंचायत को सुपुर्द करने के निर्देश दिए।




# QUICK BITES

## चावंडिया मनोकामना पूर्ण हनुमान का तृतीय पाटोउत्सव आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( **सांवर वैष्णव** ):- क्षेत्र के चावंडिया गांव में श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान जी धाम का तृतीय पाटोउत्सव आज गुरुवार को मनाया जाएगा । पुजारी शंकरलाल बैरवा ने बताया कि चावंडिया गांव में श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान जी मंदिर पर आज गुरुवार को तृतीय पाटोउत्सव मनाया जाएगा, जिसमें आज प्रातः 8:15 बजे हनुमान जी महाराज का अभिषेक होगा, वही दोपहर 12:00 बजे हवन व पूजन, दोपहर 3:00 बजे हनुमान जी महाराज को नया चोला धारण करवाकर श्रृंगार किया जाएगा । रात की 8:15 से सुंदरकांड का पाठ होगा और रात्रि 9:30 बजे सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन होगा? ।।

## सवाईपुर में श्री मद् भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति, हरी बोल प्रभात फेरी आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( **सांवर वैष्णव** ):- सवाईपुर कस्बे में सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा एवं हरिबोल प्रभात फेरी महोत्सव के सातवें दिन बुधवार को भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई, आज गुरुवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन होगा, जो चारभुजानाथ मंदिर से प्रातः 8:00 प्रारंभ होगी । आयोजक कर्ता जगदीश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री मद् भागवत कथा की शुरुआत हुई, सातवें दिन बुधवार दोपहर 12 बजे गणपति वंदना के साथ श्री मद् भागवत कथा प्रारंभ हुई, जिसमें भगवान कृष्ण और रुक्मणी सहित भगवान की आठ रानियो के बारे में बताया, इसके साथ ही अन्य कई सवाद का पाठ किया । इस भक्तिमय भजनों पर पुरा पांडाल झूम उठा । अतः सायं 4:15 बजे भागवत भगवान की महा आरती के साथ श्री मद् भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई । इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया । इसके बाद पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां लगाई । कथा को सुनने सवाईपुर सहित चितौड़गढ़, कपासन, सोनियाणा, ढ़ेलाणा, आकोला, डसाणिया का खेड़ा, बनकाखेड़ा, चावंडिया, कंवलियास, सालरिया, अड़सिपुरा, कालिरडिया आदि कई गांवों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे । कथा वाचक कमलेश सिरोठा भीलवाड़ा के मुखारविंद से श्री मद् भागवत कथा का वाचन किया । वही कल गुरुवार को प्रातः 8 बजे से हरि बोल प्रभात फेरी प्रारंभ होगी ।।

## NMMS परीक्षा में मेहरूकलां व सोकिया का खेड़ा के विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, पांच छात्रों का हुआ चयन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**(दिलखुश)** क्षेत्र के विद्यार्थियों ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में सरकारी विद्यालयों के पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें अब कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। मेहरूकलां स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल, मेहरूकलां के प्रिंसिपल लेखराज मीना ने बताया कि विद्यालय के कुल छह विद्यार्थियों ने एनएमएमएस परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से समर जांगिड़ और अयांश जैन का चयन हुआ है। विद्यालय के एनएमएमएस परीक्षा प्रभारी शिक्षक लोकेश कुम्हार ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की सफलता की जानकारी देकर बधाई दी। वहीं सोकिया का खेड़ा के सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल, सोकिया का खेड़ा की तीन छात्राओं ने भी परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शिक्षक सत्यवीर सिंह ने बताया कि कक्षा 8 की छात्रा सोनू कुमारी मीना पुत्री मेवा लाल मीना, लक्ष्मी कुमारी मीना पुत्री कालू लाल मीना तथा कोमल कुमारी मीना पुत्री खेमराज मीना का चयन एनएमएमएस योजना के तहत हुआ है। तीनों छात्राएं सोकिया का खेड़ा की निवासी हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल राजकुमार सोनी, शिक्षक राम प्रसाद मीना, सत्यवीर सिंह, पीटीआई गौरव दाधीच, शिक्षिका श्रुति माली सहित समस्त स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# संत परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा- जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ

## -हरि शेवा उदासीन आश्रम में उमड़ रहे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेशवानी।** सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत चल रहे धार्मिक कार्यों की श्रृंखला में ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ द्वारा आयोजित भक्तमाल कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा में भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही और वातावरण पूरी तरह धर्ममय बना रहा। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज ने भक्तमाल कथा के माध्यम से संत महात्माओं के जीवन, त्याग, तपस्या और भक्ति की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन समाज को सदैव सत्य, सेवा और सदाचार की प्रेरणा देता है। संत परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और संतों के बताए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन सफल बन सकता है।

कथा के दौरान उन्होंने भगवान भक्ति, गुरु महिमा एवं सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलियुग में भगवान प्राप्ति का सबसे सरल माध्यम नामस्मरण और सत्संग है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में धर्म, संस्कार और गौसेवा को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य ने अपने पदों एवं उपदेशों के माध्यम से जीव की परतंत्रता, भगवान की सर्वशक्ति, गुरु महिमा और हरिनाम की महत्ता का अत्यंत सरल एवं मार्मिक भावार्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह जीव संसार में पूर्णतः भगवान के अधीन है और मनुष्य को अहंकार त्यागकर स्वयं को ईश्वर की इच्छा के अनुसार समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने जीव की तुलना कठपुतली, रथ, नाव और बैल जैसे उदाहरणों से करते हुए समझाया कि जैसे कठपुतली संचालक के अनुसार नाचती है, रथ सारथी के अनुसार चलता है और नाव केवट की दिशा में आगे बढ़ती है, उसी प्रकार जीव भी ईश्वर एवं गुरु की प्रेरणा से संचालित होता है।



स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने ज्ञान, वाणी और विद्वता पर अभिमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि वास्तविक प्रेरणा और शक्ति भगवान एवं गुरु से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि यदि वाणी में भगवान राम और हरि का नाम नहीं है तो समस्त काव्य, शास्त्र और विद्वता भी अधूरी है।

उन्होंने भक्तमाल कथा का मूल संदेश बताते हुए कहा कि हरि सेवा, संत संग, गंगा एवं गुरु चरणों में श्रद्धा ही मानव जीवन का वास्तविक सार है। हरिनाम, भक्ति और सत्संग के माध्यम से ही जीवन का कल्याण संभव है।

भक्तमाल कथा के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा सभागार भक्तिमय हो उठा। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आज विष्णु यज्ञ में सम्पत सिसोदिया और नरेन्द्र चौहान ने आहुतियाँ दी एवं महादेव का अभिषेक किया।

पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम और संत गोविन्दराम ने सनातन धर्म के सभी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# महंगाई, पेयजल और बिजली संकट सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

## कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक निकाली विरोध रैली,सौंपा ज्ञापन






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

बढ़ती महंगाई, पेयजल संकट, अघोषित बिजली कटौती और बेरोजगारी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहर के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में कांग्रेस कार्यालय से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक आमजन की समस्याएं पहुंचाने की मांग की। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई गई।

पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जबकि देशभर की जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की पहचान वस्त्र नगरी के रूप में रही है, लेकिन शहर की खस्ताहाल सड़कें और जगह-जगह गड्ढे इस पहचान को धूमिल कर रहे हैं।

एडवोकेट कुणाल ओझा ने कहा कि भीलवाड़ा शहर में पेयजल संकट, बिजली कटौती, सीवरेज कार्यों की अव्यवस्था एवं नालों की सफाई नहीं होने से आमजन परेशान है। एडवोकेट कुणाल ओझा ने बताया कि बरसात से पूर्व प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस पार्टी आमजन एवं युवाओं की आवाज को लगातार उठाती रहेगी।

ज्ञापन में शहर में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई। इसके अलावा बरसात से पहले मुख्य नालों और छोटी नालियों की प्रभावी सफाई कराने, गांधी नगर ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे सीवरेज कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की भी मांग उठाई गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताई। साथ ही नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि युवाओं का विश्वास दोबारा कायम हो सके।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ज्ञापन में उठाए गए सभी मुद्दे सीधे आमजन के दैनिक जीवन और युवाओं के भविष्य से जुड़े हुए हैं। ऐसे में सरकार को इन समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देकर जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए।

# पांच दिवसीय जैविक खेती प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## भीलवाड़ा में 17 राज्यों के 1120 किसान जुटे, गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर होगा प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर एवं कृषि विश्वविद्यालय कोटा के सहयोग से रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरसीएम वर्ल्ड में बुधवार से पांच दिवसीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। 27 से 31 मई तक चलने वाले इस आवासीय शिविर में देश के 17 राज्यों से 1120 किसानों ने भाग लिया है।



कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति डॉ. प्रताप धाकड़, कृषि विश्वविद्यालय कोटा की कुलपति डॉ. विमला डुकवाल, विधायक अशोक कोठारी , जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू सहित अतिथियों ने तुलसी के पौधे में जल अर्पित कर किया।

डॉ. प्रताप धाकड़ ने कहा कि रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव अब सामने आने लगे हैं और गौ आधारित जैविक खेती भविष्य का सुरक्षित विकल्प है। वहीं डॉ. विमला डुकवाल ने जैविक खेती को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी बताया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान प्राकृतिक खेती है। विधायक अशोक कोठारी ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण शिविर में किसानों को मिट्टी संरक्षण, जल प्रबंधन, बीज चयन, पोषण वाटिका एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती की तकनीकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रेष्ठ किसान कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।

# गंगापुर में पक्षियों के लिए परिंडा एवं पशुओं के लिए टंकी वितरण की

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

भारत विकास परिषद गंगापुर शाखा द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों एवं पशुओं के संरक्षण एवं सेवा हेतु पक्षियों के लिए 201 परिंडा और पशुओं के लिए 51 टंकी (जल पात्र) का वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को प्रातः 09:30 बजे बस स्टैंड पर संपन्न हुआ।शाखा सचिव दिनेश श्रोत्रिय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शाखा के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों को परिंडे एवं टंकिया वितरित की गई तथा सभी को अपने-अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में इन्हें लगाकर नियमित रूप से जल भरने के लिए प्रेरित किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य गर्मी के मौसम में प्यास से व्याकुल पक्षियों और पशुओं को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर शाखा के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। रीजनल महासचिव संदीप बाल्दी ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए हर शाखा को परिंडा एवं टंकियों में भरकर बेजुबान पशु एवं पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था




करनी चाहिए। शाखा अध्यक्ष चमन लोसर ने कहा कि इस पुण्य कार्य में सहभागी बनकर अधिक से अधिक स्थानों पर परिंडे लगाएं और नियमित रूप से जल भरकर पक्षियों की सेवा करे।,गौ सम्मान अभियान के राज्य प्रभारी एवं पूर्व सहायक निदेशक बहादुर सिंह गुर्जर ,कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ,परिषद सदस्य भेरू लाल सुराणा ,पवन रुइया ,पवन लोहिया मनोज मूंदड़ा ,सुरेश तिवारी ,नंद किशोर तेली ,प्रमोद वागरानी, चैन सुख जीनगर ,आशीष सेन ,महिला सदस्या दया सैनी ,विमला साहू एवं इरफान मंसूरी , पूर्व पार्षद भेरू लाल भील गोपाल बंजारा दीपक शर्मा और गंगापुर के गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# गुलगांव पंचायत में भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## फर्जी पट्टों और जल जीवन मिशन में अनियमितता की जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @सावर**

**(दिलखुश)।** ग्राम पंचायत गुलगांव में कथित भ्रष्टाचार, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, फर्जी पट्टों के वितरण और जल जीवन मिशन योजना में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को उपखंड अधिकारी केकड़ी सुरेश कुमार बलाई को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने विभिन्न मामलों की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमि का अब तक पट्टा जारी नहीं किया गया है। साथ ही बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक प्याऊ हटाकर वहां अवैध निर्माण करने का भी आरोप लगाया






गया। जल जीवन मिशन योजना में प्रति नल कनेक्शन 3100 रुपए लेने और राशि सरकारी खाते में जमा नहीं कराने की शिकायत भी ज्ञापन में की गई।
ग्रामीणों ने फर्जी पट्टे जारी करने तथा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कराने के आरोप लगाते हुए पूरे कार्यकाल की जांच की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।
वहीं सरपंच संघ अध्यक्ष नीरज चौधरी ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि विद्यालय भूमि संबंधी प्रस्ताव पंचायत समिति को भेजा जा चुका है तथा प्याऊ स्थल पर पुनः व्यवस्था कर दी गई है।
उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से जुड़े सभी दस्तावेज जिला परिषद में जमा हैं और किसी प्रकार के फर्जी पट्टे जारी नहीं किए गए।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत खजीना श्री देव नंदी गौशाला में सफाई कर परिंडे बांधे

**भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे के निकटवर्ती खजीना गांव में श्री देव नंदी गौशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संग्रहण एवं संरक्षण तथा पारंपरिक जल स्रोतों ( कुएं, तालाब आदि ) के संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया । इस अवसर पर गौशाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत नलों एवं पानी की टंकियों की साफ-सफाई की गई । साथ ही जेसीबी मशीन की सहायता से बड़े कचरे को हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया । इसके अतिरिक्त पक्षियों के लिए परिंडे की व्यवस्था की गई तथा पशुओं के लिए हरे चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई । कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा । कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ सहित गौशाला सचिव सांवरमल जाट, शंकर लाल



सुथार,? भंवर जाट, हीरालाल जाट आदि कई मौजूद रहे ।।

# सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से भीलवाड़ा के विकास पर की विस्तृत चर्चा

## हवाई सेवाओं व नए रेल्वे ट्रेक के विषय पर हुई बात

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत।** सांसद दामोदर अग्रवाल ने बुधवार को जयपुर सीएमआर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ भीलवाड़ा में विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की चर्चा में सांसद अग्रवाल ने मुख्य रूप से भीलवाड़ा से कमर्शियल हवाई सेवाएं एवं नई रेलवे ट्रैक व साथ ही
श्वस्थ्य हॉस्पिटल को केंद्र सरकार के अधीन संचालित करने की सारगर्भित बात हुई ।।
सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि



सांसद अग्रवाल भीलवाड़ा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है
प्रतिदिन जिले के विकास के लिए दिल्ली जयपुर पहुंच केंद्र व राज्य सरकार से नित नए कामो को लेकर चर्चा कर मंत्रियों के दौरे करवाकर विकास को अमलीजामा पहनाने का अथक प्रयास कर रहे हैं।
इसी क्रम में सांसद अग्रवाल
ष्ट्स्क्र में मुख्यमंत्री से व राजस्थान सरकार के नागरिक उड्डयन मन्त्री गौतम दक से भी सचिवालय में मुलाक़ात कर पुरजोर आग्रह किया ।मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नागरिक उड्डयन विभाग के उच्च अधिकारी से हाथोहाथ बात कर भीलवाड़ा में कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए आवश्यक जरूरतों की तथ्यात्मक रिपोर्ट देने के निर्देश प्रदान किये ।।सांसद अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमन्त्री ने भीलवाड़ा जिले के समग्र विकास के लिये हमारी बात सुनकर उसपर आवश्यक कार्यवाही की इसपर सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद दिया व आभार ज्ञापित किया।।

# 44 डिग्री तापमान में भी विकास कार्यों की मॉनिटरिंग में जुटे विधायक अशोक कोठारी

## जोधड़ास आरओबी, पुलिया, नाला और आवास योजनाओं का किया निरीक्षण





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीषण गर्मी, नौतपा और 44 डिग्री तापमान के बीच भी भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी लगातार शहर के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग में सक्रिय नजर आए। जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक ने लगातार दो दिनों तक नगर विकास न्यास की विभिन्न परियोजनाओं का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### जोधड़ास आरओबी का लिया जायजा

बुधवार को विधायक कोठारी ने भीलवाड़ा-अजमेर मार्ग स्थित निर्माणाधीन जोधड़ास रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि 90 मीटर लंबे महत्वपूर्ण स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए डिजाइन एवं नक्शा रेलवे विभाग को स्वीकृति हेतु भेजा गया है और आगामी 15 दिनों में मंजूरी मिलने की संभावना है।
विधायक ने स्पष्ट कहा कि वर्ष 2018 से लंबित इस परियोजना को अब और विलंबित नहीं होने दिया जाएगा तथा इसे सितंबर माह के अंत तक पूर्ण कर आमजन को राहत दी जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### अधूरे हाई लेवल ब्रिज और संपर्क सड़कों पर भी फोकस

निरीक्षण के दौरान जोधड़ास हाई लेवल ब्रिज से जुड़ी संपर्क सड़कों के डामरीकरण और भूमि अधिग्रहण को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए, ताकि पालड़ी और गोविंदपुरा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### मानसरोवर झील में धीमी गति पर जताई नाराजगी

मंगलवार को विधायक ने मानसरोवर झील पहुंचकर मार्च माह से चल रहे जलकुंभी हटाने के कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को एक माह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि झील के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा 20 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### नगर वन और पौधारोपण पर दिया जोर

नगर वन क्षेत्र में करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए विधायक ने वर्षा ऋतु से पहले अधिकाधिक पौधारोपण और पौधों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### स्कूल और आवास योजनाओं का भी किया निरीक्षण

विधायक कोठारी ने किशनावतों की खेड़ी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 57 लाख रुपए की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद नेहरू विहार स्थित मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत निर्मित 2 बीएचके के 368 तथा 1 बीएचके के 448 आवासों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवास बेहतर गुणवत्ता और आवश्यक सुविधाओं से युक्त हों, ताकि आमजन को बेहतर आवासीय सुविधा मिल सके।

### केशव पोरवाल क्षेत्र की पुलिया जल्द होगी शुरू

विधायक ने केशव पोरवाल अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन पुलिया और सांगानेर पुलिया क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिया के ऊपर से गुजर रही 15 किलोवाट हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए मौके पर ही विद्युत निगम अधिकारियों को बुलाकर शीघ्र शिफ्टिंग के निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के दौरान नगर विकास न्यास के अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय माथुर, अधीक्षण अभियंता ऋषिकेश मीणा, अधिशासी अभियंता राजू बढ़ारिया, रामप्रसाद जाट, सहायक अभियंता रोहित चौबीसा, रोहन अजमेरा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ठेकेदार मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### अखिल भारतीय गुर्जर महासभा में ईश्वर बने जिला सचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



समाज सेवा एवं गुर्जर समाज के हित में लगातार सक्रिय रहने वाले ईश्वर लाल गुर्जर भांबरियो का खेड़ा को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (राजस्थान इकाई) के उद्यम जिले में जिला सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम भडाना द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि ईश्वर गुर्जर द्वारा समाज के हित में काम करने वालों को देखते हुए उन्हें आगामी तीन वर्षों के लिए जिला सचिव नियुक्त किया गया है।ईश्वर लाल गुर्जर आसींद क्षेत्र के भांबरिया गांव के निवासी हैं और लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं

### युवा शक्ति क्लब द्वारा पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए 'एक परिंडा मेरा' अभियान के अंतर्गत पक्षियों के लिए न्यायालय परिसर एवं एसडीएम परिसर के बाहर परिंडे बांधे गए। साथ ही क्लब सदस्यों ने इन परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प भी लिया।
क्लब सदस्यों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के स्थानों पर परिंडे बांधकर उनमें नियमित रूप से पानी भरना चाहिए, ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके।
इस अवसर पर एडवोकेट अनिल कुमार धाकड़, गोपाल प्रजापति, जसवंत सिंह सोलंकी, नरेश सिंह तंवर, सुनील स्वर्णकार, गौरव शर्मा, मनीष धाकड़, सुनील धाकड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### उपखंड अधिकारी गुर्जर ने उपकारागृह का किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**



उपकारागृह का उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर द्वारा निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सहाड़ा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यरत इंचार्ज भवानी गुर्जर व सिपाहियो से व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की गई।
कारागृह की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बंदियों के आवासीय प्रबंध का अवलोकन किया गया। बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। संबंधित को आवश्यक व्यवस्थाओं के सतत सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

### बालापुरा विद्यालय की बड़ी उपलब्धि, NMMS में पांच विद्यार्थियों का चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**




राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालापुरा ने एक बार फिर शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप (NMMS) 2026 के परिणाम में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिससे विद्यालय परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।
संस्था प्रधान महेश नुवाल ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में दिलखुश गुर्जर, सुनील गुर्जर, हीरा कुमारी रेगर, मोनिका गुर्जर एवं राकेश गुर्जर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की इस छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी को कुल 48 हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्राप्त होगी।
परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिवार एवं एसएमसी सदस्यों ने चयनित विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।
विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सफलता को मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।
विशेष बात यह रही कि मात्र दो कमरों में संचालित इस छोटे से विद्यालय ने पिछले आठ वर्षों में 30 विद्यार्थियों का एनएमएमएस स्कॉलरशिप के लिए चयन करवाकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। ग्रामीणों एवं एसएमसी सदस्यों ने विद्यालय स्टाफ और संस्था प्रधान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।